## खबर संक्षेप

### भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर के तत्वाधान में ठेका एवं आउटसोर्स श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय मैहर में अपर कलेक्टर असमा पटेल को सौंपा गया। ज्ञापन में 01 अप्रैल से लागू नवीन श्रम कानून के तहत समस्त ठेका एवं आउटसोर्स श्रमिकों को नियुक्ति पत्र, 8 घंटे कार्यावधि, ओवरटाइम का दोहरा भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, पी.एफ. सुविधा तथा प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय मजदूर संघ मैहर के जिला मंत्री मनोज शुक्ला सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के ठेका श्रमिक, सफाई कर्मचारी, वाहन चालक, सिक्योरिटी गार्ड व अन्य श्रमिक साथी उपस्थित रहे।अपर कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्यवाही हेतु शासन को भेजने का आश्वासन दिया गया।

### चित्रकूट में फिल्मी स्टाइल में लूट, पुलिस को चकमा देकर भागे लुटेरे

**सतना।** थाना क्षेत्र के बगदरा घाटी के पास फिल्मी अंदाज में लूट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सीधी से बारात लौट रहे रैपुरा निवासी प्रदीप की कार को दो वाहनों ने ओवरटेक कर एक्सीडेंट किया। जैसे ही कार रुकी, जालसाजों ने पीड़ति के गले से सोने की चेन छीनी और फरार हो गए। वाहन नंबरः वारदात में शामिल कारों के नंबर जीजे 05 सीएन 0594 और यूपी 90 के 724 बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घेराबंदी की, लेकिन लुटेरे पुलिस के वाहन को ही ओवरटेक कर भाग निकले। स्थानीय लोगों का कहना है कि बगदरा घाटी चौकी पर हमेशा विशेष सशस्त्र बल तैनात रहता था, लेकिन वर्तमान में चौकी खाली होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ति ने थाने में लिखित तहरीर दे दी है।

### मुकुंदपुर सफारी में बांधवगढ़ से रेस्क्यू किए गए बाघ के शावक की मौत



**मैहर।** मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में उपचार के दौरान 6 महीने के एक नर बाघ शावक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, इस शावक को 19 अप्रैल को बांधवगढ़ से घायल अवस्था में रेस्क्यू कर लाया गया था। बाघों के आपसी संघर्ष में शावक को गंभीर चोटें आई थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अत्यधिक चोट और आंतरिक रक्तस्राव की पुष्टि हुई है। मुख्य वन संरक्षक रीवा और वन मंडल अधिकारी मैहर की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ शावक का अंतिम संस्कार किया गया।

### कुपोषण का कहर, दो जुड़वा बच्चों की हालत नाजुक

**सतना।** सुरांगी क्षेत्र में एक बार फिर कुपोषण का मामला सामने आया है। यहाँ 4 माह के दो जुड़वा बच्चे कुपोषण की चपेट में आने से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि टीकाकरण के अलावा आंगनबाड़ी से कोई अन्य सरकारी मदद नहीं मिली। पहले बच्चों का इलाज किसी झोलाछाप डॉक्टर से कराया जा रहा था, हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें कि 15 दिन पहले मझगवां में एक मौत हो चुकी है और 2 साल पहले भी सुरांगी में एक कुपोषित बच्ची की जान गई थी।

### रेलवे कॉलोनी के घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी जलकर राख

**सतना।** रेलवे कॉलोनी स्थित एक मकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

बचाव कार्यः आरपीएफ के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेलवे अधोसंरचना का जायजा: नवागत जीएम दिलीप कुमार सिंह ने किया

# जबलपुर-मानिकपुर रेल खंड का 'विंडो निरीक्षण'

सतना।

पश्चिम मध्य रेलवे के नवनियुक्त महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने मंगलवार को जबलपुर से मानिकपुर जंक्शन तक का सघन 'विंडो निरीक्षण' कर रेल सुरक्षा और विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान उनके साथ जबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सुरक्षा और तकनीकी बारीकियों पर नजर

ज्ञानगंगा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22131) से प्रयागराज की यात्रा के दौरान, जीएम श्री



सिंह ने ट्रेन की खिड़की से पटरियों के जॉइंट्स, टर्निंग पॉइंट्स, पुल-पुलियाओं और इलेक्ट्रिफिकेशन (बिजली के खंभे व तार) का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने जबलपुर से सतना और सतना से मानिकपुर के बीच सिंगल लाइन, डबल लाइन और यार्ड की क्षमता को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही सुरक्षित और बेहतर ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक फीडबैक भी लिया। नवागत जीएम ने सतना जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सतना जंक्शन को रानी कमलापति (भोपाल) स्टेशन की तर्ज पर 'वर्ल्ड क्लास स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन पर चल रहे 'गति शक्ति' मिशन के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति देखते हुए उन्होंने डीआरएम से विस्तृत जानकारी ली और कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जीएम ने मंडल के अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद किया, ताकि भविष्य में रेल सेवाओं को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके।

## संकट के समय देश का विरोध नहीं साथ खड़े होना चाहिए : जोशी



मैहर।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पूर्व संगठन महामंत्री संजय जोशी मैहर पहुंचे जहां पर पौड़ी धाम में मेरे राम पौड़ी धाम दर्शन पूजन किया गया इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मैहर आगमन पर संजय जोशी का स्वागत किया गया जिसमें मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, अनिल चौरसिया, सनत गौतम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर संजय जोशी ने बताया कि मैहर आगमन निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस एवं विरोधी दलों के ऊपर हमला बोलते हुए कहा कि जब-जब देश में संकट आता है दूसरे दल के लोग भारत की शक्ति एवं देश के साथ खड़े होने की वजह वह खुद ही इसका विरोध करना शुरू करते हैं ऐसी स्थिति में देश के सामने दो समस्याएं खड़ी हो जाती हैं कि ऐसे कठिन समय पर वह बाहरी ताकतों से लड़े या अपने देश में रहने वाले बहरूपियों से जो समय-समय पर अपना रंग रूप बदलते रहते हैं। आज विश्व में कई देशों में चल रहे युद्ध से भारत देश को भी महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है लेकिन उसके बावजूद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सरकार से जुड़े हुए लोग जनता का ध्यान देते हुए पूरा नियंत्रण अपने हाथों पर रख रखा है और आज इतनी कठिन समय पर जब देश के साथ खड़े होने की बारी आती है तो कांग्रेस के साथ दूसरे अन्य दल के लोग केवल विरोध दर्ज कर भारत की शक्तियों का मजाक उड़ाते हैं । संजय जोशी ने बताया कि भारत देश में हर आम नागरिक के लिए सरकार बेहतर काम कर रही है और आज उसकी उपलब्धि देश में देखने को मिल रही है।

## नारी शक्ति का वंदनः नगर निगम परिषद में महिला पार्षद ने संभाली अध्यक्ष की कमान

सतना।

महिला नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में उनकी समान भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम में एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल तक मनाए जा रहे 'नारी वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम में एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया।



### पार्षद प्राची कुशवाहा ने किया सदन का संचालन

इस विशेष सम्मेलन की सबसे खास बात यह रही कि नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पाल्हन' ने महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए अपनी कुर्सी (अध्यक्ष की कमान) वार्ड नंबर 35 की पार्षद प्राची कुशवाहा को सौंपी। प्राची कुशवाहा ने न केवल सदन की गरिमा संभाली, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे की कार्यवाही का सफल संचालन भी किया।

### एक सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा

नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 20 के तहत आहूत इस विशेष बैठक में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना और नेतृत्व क्षमता में आनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस दौरान महिला पार्षदों से शहर के विकास और महिला हितों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। समानता के अधिकार को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया गया।

### सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र की बुनियादी संस्थाओं में महिलाओं की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि निर्णयात्मक होती जा रही है। सदन की कार्यवाही में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने 'नारी वंदन पखवाड़ा' के उद्देश्यों को सार्थक कर दिया।

### इनका कहना है

₹शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए इस विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं नीति निर्धारण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएं।

**— राजेश चतुर्वेदी, अध्यक्ष नगर निगम**

## प्रदेश की प्रवीण्य सूची में शामिल सभी मैहर के 6 मेधावी बच्चों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित



### विधायक ने छात्रों के खाते में 10-10 हजार डालने की घोषणा की

मैहर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा में मैहर जिले के 6 छात्र छात्राओं ने प्रदेश के प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। इन प्रतिभाओं के सम्मान के लिए प्रतिभा अभिनंदन समारोह मैहर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया । इस दौरान मेघावी सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार से सम्मानित किया गया। तदोपरांत सभी 6 बच्चों को ढोल नगाड़े के साथ उत्साह पूर्वक स्कूली बस में बैठाया गया विधायक एवं कलेक्टर ने हरी झंडी दिखा कर रथ को रवाना किया। प्रतिभाओं को सम्मान पूर्वक कलेक्ट्रेट कार्यालय से घंटाघर होते हुए मां शारदा मंदिर एवं इंडियन कैफ़े हाउस ले जाया गया जहां छात्र छात्राओं एवं परिजनों को स्वल्पाहार कराया गया।

कलेक्टर श्री मुखर्जी ने मेघावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह बड़े ही गर्व का विषय है कि जिले में इस वर्ष 6 बच्चों ने प्रदेश की मेरिट में स्थान दर्ज किया है जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी है उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि इस वर्ष 6 बच्चों ने जिला का नाम रोशन किया है अगले वर्ष यह संख्या बढ़ कर 60 होनी चाहिए । विधायक श्रीकांत ने अपनी ओर से प्रोत्साहन के लिए सभी मेघावी छात्र छात्राओं के खाते में 10-10 हजार देने की घोषणा की। शिक्षा विभाग द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को साल एवं पौधा उपहार में दिया गया। पुरस्कृत होने वाले मैहर जिले के प्रदेश की मेरिट में आने वाले 6 मेधावी छात्र छात्राओं में कु श्रुति कुशवाहा पिता श्री राजभान कुशवाहा शास. उ.मा.वि.सन्नेही प्रथम 492 आठवां स्थान,शिवा साहू पिता श्री रामनाथ साहू शास. उ.मा.वि.बदेरा ,प्रथम 491 नौवा स्थान, कु. दुर्गा पाण्डेय पिता श्री विजय शंकर पाण्डेय सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर प्रथम 491 नौवा स्थान, कु. आंचल देवी कोल पिता श्री समरजीत कोल शास. हाई स्कूल अमरपाटन प्रथम 491 नौवा स्थान,कक्षा 12वीं के छात्र / छात्रा की सूची (जिला - मैहर ),कु० शिवांशी गुप्ता पिता श्री अजय गुप्ता शास. उ.मा.वि.रामगढ़ प्रथम 485 सातवां स्थान,कु. सुजला पटेल पिता श्री रवेन्द्र कुमार पटेल बाल भारती पब्लिक उ.मा.वि. अमरपाटन प्रथम 484 आठवां स्थान बनाया ।


इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिह परिहार, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिह, विभागीय अधिकारी एवं शिक्षक शिक्षिका सहित छात्र छात्राओं के परिजन और शिक्षक उपस्थित रहे।

## बिजली बिल सुधार और राजस्व वसूली के लिए 15 मई तक का अल्टीमेटम



**सतना।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा रीवा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी वृत्तों और संभागों की वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में राजस्व लक्ष्यों, तकनीकी सुधारों और लंबित विभागीय कार्यों पर कड़ा रुख अपनाया गया।

**राजस्व और बिलिंग में सुधार के सख्त निर्देश-** बैठक की शुरुआत में प्रबंध संचालक ने पिछले वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन का विश्लेषण किया। उन्होंने बिलिंग एफिशिएंसी, कलेक्शन एफिशिएंसी और एटीएंडसी लॉस जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। जिन संभागों में राजस्व वसूली लक्ष्य से कम रही, वहां के कार्यपालन अभियंताओं को फटकार लगाते हुए जमीनी समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। एमडी ने स्पष्ट किया कि समाधान योजना के पात्र उपभोक्ताओं, जिनके बिलों में त्रुटि है, उन्हें 15 मई तक सुधार कर राशि वसूलने का लक्ष्य पूर्ण करना होगा।




## कृषि भूमि से कॉलोनी तक: मैहर में नियमों को ठेंगा दिखाकर करोड़ों का खेल





### धतूरा में प्लाटिग में रोक लगी

मैहर।

मैहर नगर में भूमाफियों के द्वारा खुले आम सरकारी जमीनों पर प्लाटिंग कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है। स्थिति यह है कि मैहर जो तालाबों का गढ़ माना जाता रहा जिसमें बताया जाता है कि यहां पर लगभग 20-22 तालाब थे मगर भूमाफियों ने इन्हें भी राजस्व विभाग की मिलीभगत से बेच खाया है यहीं शहर एवं बाहर कुकरमुत्ते की तरह जगह-जगह अवैध कॉलोनीयों का निर्माण होता जा रहा है और जवाबदार आंखे मूंदे हुए है। देखा जाए तो भू माफिया शासन के नियम कानून को दरकिनार कर अवैध प्लाटिग कर करोड़ों रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं जिसमें सरकार और शासन को लाखों रुपए की रेवेन्यू की चोरी की जा रही है । कृषि भूमि को बिना किसी स्वीकृत मंजूरी के प्लाटों में टुकड़े कर बेची जा रही है। इतना ही नहीं अभी हाल ही में धतूरा में अवैध प्लाटिग का मामला सामने आया था जिस पर मैहर एसडीएम दिव्या पटेल द्वारा रोक लगा दी गई लेकिन देखा जाए तो यह कोई पहला प्लाटिग का खेल नहीं है उसके आसपास और मैहर शहर के चारों कोनों में 4 किलोमीटर राउंडिग में कई अवैध कॉलोनी डेवलप की जा रही है जहां पर कृषि भूमि एवं शासकीय भूमियों में भी प्लाटिग करके बेची जा रही है। अभी हाल ही में आमड़ा नाला विद्युत मंडल ऑफिस के पीछे वार्ड नंबर दो और वार्ड नंबर 4 में अवैध प्लाटिग के कारोबारी के द्वारा नाले को भाट दिया गया है। बताया जा रहा है इस नाले से आमड़ा नाला से निकलने वाला पानी गुजरता है ऐसी स्थिति में बरसात के दिनों में यह जमीन पूरी तरह से पानी में डूब क्षेत्र में आती है ऐसी स्थिति में इसकी भटाई कर प्लाटिग करके जमीन बेचने की तैयारी भू माफिया द्वारा कर ली गई है । आस पास के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पवई विधायक ने पूर्ण की स्वगणना प्रक्रिया



**पन्ना।** जनगणना 2027 कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में आगामी एक मई से मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य आरंभ होने के पूर्व नागरिकों को पोर्टल पर ऑनलाइन स्वगणना की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाकर प्रगणक के घर-घर संपर्क कार्यक्रम से पहले ही स्वगणना पूर्ण कर सकता है। जनप्रतिनिधियों सहित लोकसेवकों एवं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के लोगों द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया जा रहा है। मंगलवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा भी स्वयं के मोबाइल फोन से स्वगणना की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। जनसामान्य के लिए आगामी 30 अप्रैल तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा भी स्वगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया में एसई पोर्टल के जरिए नागरिकों से परिवार की जानकारी भरने का आग्रह किया गया है। स्वगणना से गोपनीयता सुनिश्चित होने के साथ ही जनगणना प्रक्रिया तेज व कुशल बन सकेगी। नागरिकों द्वारा लॉगिन कर अपनी सुविधानुसार जानकारी भरी जा सकती है। किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी उपलब्ध है।

### लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 6 केन्द्रों पर शामिल होंगे 1765 परीक्षार्थी

**पन्ना।** म.प्र. लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा रविवार, 26 अप्रैल को दो सत्रों में जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में कुल 1765 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय पर शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय बायपास रोड में 300, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय में 320, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 में 250, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कला भवन) में 350, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय में 301 तथा महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उ.मा. विद्यालय में 244 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक निर्धारित है।कलेक्टर ऊषा परमार ने पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं संपर्क के लिए कलेक्टर कार्यालय पन्ना के एनआईसी कक्ष क्रमांक 55 में कंट्रोल रूम स्थापित करने संबंधी आदेश जारी किया है। कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7701078469 है। प्रभारी जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस तरूण चौरसिया 8517061810 को कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सभी परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक के लिए कंट्रोल रूम में पटवारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक ग्रेड तीन पियूष डे एवं भृत्य राजेन्द्र अहिरवार की ड्यूटी भी लगाई गई है। नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा कंट्रोल रूम में समय पर उपस्थित रहकर प्राप्त सूचनाओं से अपर कलेक्टर एवं पीएससी परीक्षा 2026 के नोडल अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे को अवगत कराया जाएगा। जिला कलेक्टर ने परीक्षा के दृष्टिगत कार्यालयीन व वित्त संबंधी कार्यों के संपादन के लिए भी तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों की ड्यूटी तय की है। इनमें सहायक ग्रेड तीन आशीष कुमार रैकवार, सत्यम रेले एवं अजीत सिंह तथा भृत्य मिलन प्रजापति एवं संतराम प्रजापति शामिल हैं।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जॉन डीयर का प्लेसमेंट आयोजित

# पॉलीटेक्निक पवई के विद्यार्थी मल्टीनेशनल कंपनी में करेंगे कार्य

**पवई।**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जॉन डीयर लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, पन्ना एवं कटनी के मैकेनिकल के विद्यार्थी शामिल हुये। प्लेसमेंट कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से प्रारम्भ हुआ। इसके बाद कंपनी के एचआरए प्रमुख देवाशीष सिंह जादौन एवं आपरेशनल डिपार्टमेन्ट से प्रसाद शिवालकर ने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुया बताया कि यह मल्टीनेशनल कंपनी अमेरिका में वर्ष 1837 में प्रारम्भ हुई थी तथा भारत में पिछले 26 वर्षों से लगातार कार्य कर रही है। कंपनी के वर्तमान में भारत में दो मैनुफैक्चरिंग प्लांट पुणे और देवास में स्थित हैं। जिसमें मुख्य रूप से ट्रेक्टर का उत्पादन होता है। यह प्लेसमेंट देवास के लिए किया गया है।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के स्किल पर ज़ोर देते हुये बताया कि केवल पढ़ाई से आगे बढ्ने के चांस कम होते है, एक बार किसी कंपनी में कार्य



करने पर ही विद्यार्थी अपनी दक्षता को बढ़ा सकता है और इसी के आधार पर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। संस्था प्राचार्य द्वारा पूर्व में हुये प्लेसमेंट की जानकारी भी दी।

संस्था के व्याख्याता आकाश गुप्ता, विभागाध्यक्ष सिविल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब आप किसी कंपनी में जाकर अपनी पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का सही उपयोग कर सकते हैं, उन्होने आगे कहा कि कोई भी कंपनी अच्छा वर्कर चाहती है और अच्छा वर्कर बनकर ही कंपनी में आगे बढ़ा जा सकता है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई के टीपीओ रामपाल कुशवाहा ने बताया कि इस प्लेसमेंट में शामिल होने हेतु पॉलीटेक्निक पवई, पन्ना एवं कटनी के कुल 91 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद पॉलीटेक्निक पवई से 22, एवं कटनी से 02 विद्यार्थी कंपनी के रूल्स अनुसार चयनित हुये हैं। उन्होने आगे बताया कि कंपनी के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उनके मेल के माध्यम से जॉइनिंग लेटर भेजे जाएँगे।

सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था के प्रतिपाल सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, सन्नी कचेर, सचिन चौरसिया, निशि गर्ग, दीपचन्द अहिरवाल, पुष्पेंद्र गौतम, ज्योत्सना पटेल, श्रीमति रमा सोनी, बसंत बागरी, कृष्ण कुमार, नीरज सेन, महेंद्र अहिरवार, शैलेंद्र शुक्ला, इरशाद अली, अवधेश धाकड़, प्रशांत कुमार, डॉ. विवेक बनर्जी , डॉ. शशिकांत पाठक, श्रीमति प्रसून रेले, सृष्टि नागायच, पुष्पेंद्र पटेल, ने बधाइयाँ दी है। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री झलक सोनी ने किया । इस प्लेसमेंट को सफल बनाने में राजेश सेन, देवेंद्र गर्ग, पुनीत द्विवेदी, पवन, प्रसन्न,शत्रुघन सुशील, प्रवीण, नरेंद्र, विकास, श्रीमति राखी खंगार ने सहयोग दिया है।



# समझाईश देकर रोका गया बाल विवाह

**पन्ना।** पन्ना विकासखंड अंतर्गत गत दिवस बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह रोकथाम दल द्वारा संबंधित स्थान पर पहुंचकर विधिवत जांच की गई और समझाईश देकर बाल विवाह रूकवाया गया। टीम ने बाल विवाह संबंधी जांच कर उम्र प्रमाणीकरण के संबंध में दस्तावेज मांगे, लेकिन संबंधित द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर टीम ने आंगनबाड़ी के सर्वे रजिस्टर से आयु संबंधी जानकारी प्राप्त की। आधार कार्ड के माध्यम से भी जांच में शिकायत को सही पाया गया। टीम ने बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत बालक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की सलाह दी। बाल विवाह की स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। टीम की समझाईश पर संबंधित पक्ष ने न्यूनतम आयु पूर्ण करने के उपरांत ही विवाह करने की बात कही।

# बाघ की मौत से जिम्मेदारों को लेकर उठे सवाल, पड़ताल के बाद क्या आयेगा सामने, सबकी नजर

**पन्ना।**

बाघ की मौत से पन्ना टाइगर रिजर्व के जिम्मेदार अधिकारियों व मैदानी अमले की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह से उठने लगे सवाल पन्ना में एक बार फिर बाघों के जीवन को लेकर चिंता की लकीरें पन्ना टाईगर रिजर्व जहां चाक चौबंद व्यवस्था मॉनीटरिंग को लेकर जानी जाती है। फिर भी बाघ की मौत की भनक आखिरकार जमीनी अमले से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों तक क्यों नहीं। सबसे बड़ा सवाल आम आदमी में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त।

पन्ना टाइगर रिजर्व में 21 अप्रैल को एक नर बाघ का शव मिला है। शव कंकाल की स्थिति में मिलने से बाघ की मौत लगभग दस दिन पूर्व होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रथम दृष्ट्या बाघ की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होना प्रतीत होता है। घटना पन्ना टाइगर रिजर्व के गंगऊ अभ्यारण अंतर्गत आने वाली कटरिया बीट के वन कक्ष क्रमांक पी-278 की है। रेंजर गंगऊ अभ्यारण सागर शुक्ला सुबह से ही





वन अमले के साथ मौके पर मौजूद हैं। क्षेत्र संचालक बृजेन्द्र श्रीवास्तव एवं उप संचालक बीरेन्द्र कुमार पटेल को घटना की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन सुबह 10 बजे तक दोनों ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे थे। एक स्थानीय व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि, बाघ की मौत मनौर-मझगवां (हिनौता) मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर जंगल में हुई है। मृत बाघ पूर्ण वयस्क बताया जा रहा है, जिसकी आयु लगभग 5-6 वर्ष हो सकती है।

इस घटना का सबसे चिंताजनक और विचारणीय पहलू यह है, पन्ना पार्क क्षेत्र में वन एवंवन्यजीवों की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और सतत सघन निगरानी का दावा करने वाले पीटीआर प्रबंधन को मेल टाइगर (नर बाघ) की संदिग्ध मौत की कई दिनों तक भनक तक नहीं लगी। मुख्य मार्ग किनारे चंद कदम की दूरी पर स्थित जंगल में प्रचंड गर्मी में लगभग दस दिन तक बाघ का शव सड़ता रहा लेकिन संबंधित बीट गार्ड, सर्किल प्रभारी और रेंजर को मामले की भनक तक नहीं लगी जो सोचनीय प्रश्न है क्योंकि इसी प्रकार वन्य जीवों के शिकार हो रहे हैं। गौरतलब बात तो यह है कि पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक का नम्बर बंद आ रहा था जिससे यह पुष्टि होना अभी भी सवाल बना हुआ है। बाघ की मौत कब और कैसे हुई वहीं बाघ की मौत को लेकर तरह-तरह की जनचर्चायें समूचे दिन चर्चा का विषय बनी रही। पन्ना टाईगर रिजर्व जहां एक बार बाघ विहीन दास्ता को लेकर जाना जा चुका है। क्या इस तरह की घटनायें प्राचीन समय के संकट को याद दिलाने के लिए मानी जाये। आखिर जिम्मेदार बेखबर क्यों। शासकीय नम्बर स्वीचऑफ करने का क्या है मादपण्ड। सूत्रों की माने तो बाघ की मौत को लेकर 10 दिन पहले की जैसी घटना चर्चा में है। जो क्षतविक्षत बाघ का शव ही बयां कर रहा हैं अंग समेटे गये ऐसी चर्चायें है फिर भी जिम्मेदार अधिकरियों ने अधिकारिक तौर पर न ही क्षत-विक्षत शव की फोटो मीडिया को उपलब्ध कराई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी का बयान समाचार लिखे जाने तक उपलब्ध हो सका और न ही प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्या इस मामले को स्वयं बचने या बचाने की जुगाड़ में आखिर बाघ की मौत होने से सनसनी खेज घटना तो घटित हो गई। जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी खड़े हो सवाल।

# पेंशन और परिवार पेंशन के प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराएं- कमिश्नर

### वेतन निर्धारण के प्रकरणों का सात दिवस में हो निराकरण

### पेंशन प्रकरण में गलत जन्म तिथि अंकित करने पर सहायक संचालक मत्स्य उद्योग पन्ना को नोटिस जारी करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

**पन्ना।**

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश संयुक्त संचालक पेंशन को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग में पेंशन प्रकरणों के निराकरण के काफी प्रकरण लंबित हैं, वहीं परिवार पेंशन के भी



प्रकरण लंबित हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि पेंशन प्रकरणों और परिवार पेंशन प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं।

कमिश्नर ने पन्ना जिले में सहायक संचालक मत्स्य उद्योग द्वारा पेंशन प्रकरण के निराकरण के मामले में सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रकरण की फाइल में गलत जन्म तिथि अंकित करने के कारण पेंशन प्रकरण का निराकरण समय पर नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा सहायक संचालक पन्ना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को भी निर्देश दिए हैं कि वे सागर संभाग में लंबित लगभग 713 वेतन निर्धारण के प्रकरणों का एक सप्ताह की समय अवधि में निराकरण कर इसकी सूचना उन्हें दें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज कोष एवं लेखा, सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, एमपीआरडीसी के कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में पेंशन प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ऐसे आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराएं, जिनके कार्यालयों में काफी लंबे समय से पेंशन प्रकरण लंबित हैं। कमिश्नर ने कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में रुचि नहीं रखने वाले आहरण-संवितरण अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग की सभी औद्योगिक इकाइयों में जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कराने के लिए कार्ययोजना बनाएं तथा वर्षाकाल में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराएं।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि संभाग की सभी औद्योगिक इकाइयों एवं संस्थानों में शत-प्रतिशत प्रशिक्षुओं को प्रवेश मिलना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक योजना, कल्याणी पेंशन योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांग पेंशन योजना इत्यादि की भी समीक्षा की।

# रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**अजयगढ़**

तहसील से जिला मुख्यालय तक रेत के कारोबार में टेक्टरों का धड़ल्ले से उपयोग, कृषि कार्य हेतु ट्रेक्टर कर रहे रेत परिवाहन जिम्मेदार अमला मौन, रेत बना व्यवसाय गांव-गांव से जहां से रेत निकाली जा सकती है बाखूबी ट्रेक्टरों के माध्यम से रेत का कारोबार वहीं तेज रफतार दुघर्टनाओं को जन्म देने के लिए स्वयं आज की घटना कर रही बयां

पन्ना। पन्ना अजयगढ़ रोड सिंहपुर ढाबा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें सवार तीन लोगों में एक की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए उक्त घटना से पीड़ित परिवार में शोक का माहौल कायम है जानकारी के अनुसार गोरेलाल अहिरवार उसका भाई भैया राम तथा साथी दीपू ग्राम प्रतापपुर ई रिक्शा से सिंहपुर की ओर निमंत्रण में जा रहे थे इस दौरान अजयगढ़ की ओर से तेज रफ्तार ट्रैक्टर रेत से भरा हुआ आया



तथा सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे इ रिक्शा रोड से दूर जा गिरा तीनों बुरी तरह घायल हो गए उन तीनों को जिला अस्पताल इलाज के लिए लाया गया जिसमें गोरेलाल को गंभीर छोटे होने के चलते इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई तथा भैया राम का इलाज चल रहा है दीपू को भी मामूली चोटे आई हैं बताया जाता है कि गोरेलाल के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनके सर से पिता का साया उठ गया अजयगढ़ से पन्ना तक रेत से भरे ट्रैक्टर धमा चौकड़ी मचा रहे हैं इन्हीं के चलते सड़क दुर्घटना हो रही हैं घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्का जाम भी किया तथा पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ अवैध उत्खनन को लेकर नारेबाजी की। पर इससे होना क्या क्योंकि यह तो सभी का लाभ का कारोबार बन चुका है। गांव-गांव से ट्रेक्टरों का उपयोग रेत के परिवहन में खुलेआम रेत की मण्डी बनाई गई। पन्ना में जहां ट्रेक्टरों को बाखूबी देखा जा सकता है। कृषि कार्य में ट्रेक्टरों का उपयोग जो निहित है पर यहां तो धड़ल्ले से रेत के कारोबार टेक्टरों का उपयोग माईनिग विभाग व पुलिस विभाग इतना ही नहीं परिवहन विभाग सभी की खुली छूट तभी तो दिन दहाड़े रेत के कारोबार में ट्रेक्टरों का उपयोग जिम्मेदार बने बेखबर।

# भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के दिव्य मिलन की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु



**पन्ना।**

ग्राम पंचायत कुंवरपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जहां ग्रामीणजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे हैं। कथावाचक पंडित दशरथ प्रसाद त्रिपाठी अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली में भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। उनके मुखारविंद से विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है, जिससे श्रोतागण भाव-विभोर हो उठते हैं। कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का प्रसंग बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के दिव्य मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस पावन अवसर पर प्रमुख श्रोता के रूप में कन्हैया लाल त्रिपाठी, श्रीमती सोमवती त्रिपाठी एवं संपूर्ण त्रिपाठी परिवार सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण किया और भक्ति में लीन नजर आए। कथा के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया, जहां भजन-कीर्तन के साथ भगवान के जयकारों की गूंज सुनाई दी। आयोजन समिति द्वारा कथा की सुचारू व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। इस प्रकार ग्राम पंचायत कुंवरपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनी हुई है।

# मुटवा कलॉ ग्राम पंचायत में विकास के दावों की खुली पोल, नालियां ना होने से कीचड़ में तबदील ग्राम

**पन्ना।**

पन्ना जिले की तहसील देवेंद्र नगर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुटवा कलॉ में इन दिनों ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में, जहाँ धूल उड़नी चाहिए, वहाँ गांव की गलियां कीचड़ से लबालब हैं। पन्ना गुनौर विधानसभा का यह महत्वपूर्ण गांव आज प्रशासन की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन गया है। नाली विहीन गलियां और नारकीय जीवन जीने के लिए लोग मजबूर है मुटवा कलॉ ग्राम पंचायत की अधिकांश मुख्य गलियों और मार्गों पर नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। नालियां न होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़कों पर जमा हो रहा है। आलम यह है कि तपती गर्मी में भी





गांव के रास्तों ने दलदल का रूप ले लिया है। ग्रामीणों को मजबूरी में इसी कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। सड़कों पर जमा इस गंदे पानी और कीचड़ की वजह से न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि भीषण गर्मी में मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो गांव में हैजा, मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियां फैल सकती हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत में लगभग 2 करोड़ की लागत से नल जल योजना 2 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई थी वह नल जल योजना मार्च 1 महीना चली तथा उसके बाद से वह बंद है जिससे लोग पेयजल के लिए भारी परेशान है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय सांसद विधायक से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए ताकि इस नारकीय जीवन से उन्हें निजात मिल सके।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में मिला व्यक्ति बेहोश, इलाज के दौरान मौत; परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**छतरपुर।** जिले के छतरपुर अंतर्गत थाना भगवां क्षेत्र के ग्राम कुसाई में एक 55 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में मिला, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाए हैं, जिससे मामला गंभीर हो गया है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बुड्ढा रैकवार पिता खइया रैकवार निवासी ग्राम कुसाई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 12:30 बजे वह अपने घर में अचेत अवस्था में मिले। उनकी पत्नी जब बकरी चराकर घर लौटीं तो उन्होंने पति को बेहोश पाया और तत्काल परिजनों को सूचना दी।

परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए कुछ लोगों पर संदेह व्यक्त किया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत, 51 रक्तदान का लिया संकल्प

**छतरपुर।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंचल जैन के नेतृत्व में ललौनी तिराहे पर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंचल जैन ने स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्याम टेलर ने सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए 51 यूनिट रक्तदान कराने का संकल्प लिया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इसके साथ ही उन्होंने समाज में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों का सम्मान भी करवाया और उनके योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे समाज सेवा और जनजागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 9 मई को इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं। द्वितीय नेशलन लोग अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, बैंक, एमएसीटी, वैवाहिक, श्रम, बिजली/जलकर , बैंक रिकवरी, वैवाहिक, श्रम और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते से तुरंत निराकरण किया जाएगा। यह आपसी सहमती से विवाद के अंत का एक अनौपचारिक मंच है। इसके लिए कोई अतिरक्त फीस भी नहीं देना होता है, यह भविष्य में होने वाले खर्च समय से बचाव का अवसर है। उपरोक्त दिनांक को इस संबंधित लोग नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

### भरदा बड़खेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**स्लीमनाबाद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी किए गए हाई स्कूल परीक्षा के परीक्षा परिणामो में शास हाई स्कूल बडखेरा भरदा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जो गत वर्ष के परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से 10 प्रतिशत अधिक रहा। विद्यालय में अध्ययनरत 38 छात्रों में से 30 प्रथम स्थान पर वह 8 द्वितीय स्थान पर रहे।

---

**अभी तक सिर्फ 50,717 क्विंटल की खरीदी, घुवारा बैल्ट में गेहूं खरीदी लगभग शून्य, भुगतान और नियमों से किसान दूर**

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में सुस्ती: एक सप्ताह बाद भी 23 केन्द्रों पर नहीं हुई खरीदी शुरू

छतरपुर।

**समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हुए एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जिले में खरीदी प्रक्रिया सुस्त नजर आ रही है। स्थिति यह है कि अब तक 23 खरीदी केन्द्रों पर एक भी क्विंटल गेहूं की खरीदी नहीं हो सकी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे जिले में एक सप्ताह के दौरान मात्र 50 हजार 717 क्विंटल गेहूं की खरीदी हो पाई है, जो अपेक्षा से काफी कम मानी जा रही है। और अभी तक 23 केन्द्रों मे खरीदी की प्रक्रिया शुरू भी नहीं की गई है जबकि जिले में कुल 80 खरीदी केन्द्र बनाए गए है।**




जानकारी के अनुसार मंगलवार के लिए कुल 1493 किसानों के स्लॉट बुक थे, जिसमे मंगलवार को मात्र 6824 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई। अभी तक बमीठा, राजनगर महाराजपुर के खरीदी केन्द्र कुछ ठीक चल रहे। जबकि चंद्रनगर समिति लगभग 5 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी पर है। बिजावर में 14 समितियों में 10 केन्द्र बनाए गए है और इन 10 केन्द्रों में अभी तक मात्र 1163 गेहूं की खरीदी हुई है।

जिले का सबसे प्रमुख गेहूं उत्पादक क्षेत्र घुवारा बैल्ट भी खरीदी के मामले में पीछे चल रहा है। यह क्षेत्र बंपर उत्पादन के लिए जाना जाता है, लेकिन इसके बावजूद यहां खरीदी की स्थिति बेहद खराब है। घुवारा क्षेत्र में कुल 10 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं, लेकिन एक सप्ताह में पनवारी केन्द्र पर केवल 53 क्विंटल गेहूं की ही खरीदी हो सकी है, जबकि अन्य केन्द्रों की स्थिति लगभग शून्य बनी हुई है। ऐसे हालात को देखते हुए यह अंदेशा जताया जा रहा है कि इस वर्ष निर्धारित खरीदी लक्ष्य को पूरा कर पाना मुश्किल हो सकता है। खरीदी केन्द्रों पर किसानों की कम मौजूदगी का एक बड़ा कारण भुगतान व्यवस्था भी है। बाजार में गेहूं का भाव 2200 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है, जहां किसानों को तत्काल भुगतान मिल जाता है। वहीं समर्थन मूल्य पर बोनस सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल का भाव होने के बावजूद किसानों को भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है।

शुभम द्विवेदी शाखा प्रबंधक घुवारा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2 हेक्टेयर से कम रकबा वाले किसानों के ही स्लॉट बुक किए जा रहे हैं, जिससे बड़े रकबे वाले किसान अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार करने को मजबूर हैं। इसके अलावा, कई किसानों के पंजीयन सेटेलाइट सत्यापन में अस्वीकृत दिखाए जा रहे हैं, जिससे वे खरीदी प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं।

वहीं खरीदी केन्द्रों पर गेहूं खरीदने से पहले छन्ना लगाया जा रहा है।

#### बमीठा, चंद्रनगर और मनकारी समिति में तुलाई के नाम पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप -

जिले की कई समितियों में तुलाई के नाम पर किसानों से वसूली के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्राम खैरी के किसान सुनील पाण्डेय ने बताया कि वे 40 क्विंटल गेहूं बेचने बमीठा समिति पहुंचे, जहां उनसे 20 रुपये प्रति क्विंटल तुलाई शुल्क की अवैध मांग की गई। सुनील पाण्डेय एक जाने-माने समाजसेवी और मीडिया से जुड़े प्रतिनिधि हैं। ऐसे परिचित व्यक्ति से जब इस प्रकार की मांग की जा रही है, तो सामान्य किसानों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा कई किसानों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि मनकारी और चन्द्रनगर समिति में प्रति क्विंटल करीब 1-2 किलो गेहूं अतिरिक्त लिया जा रहा है। इन सभी कारणों से किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे हालात को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो इस वर्ष खरीदी लक्ष्य को पूरा करना मुश्किल हो सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे।

#### इनका कहना है -

समर्थन मूल्य में हो रही गेहूं खरीदी में अगर तुलाई के नाम पर किसानों से पैसे मांगे जा रहे हैं या लिए जा रहे हैं, तो यह गलत है। इसकी में जांच करवाता हूं और अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित करता हूं। अब 2 हेक्टेयर से अधिक जमीन के पंजीयन स्लॉट बुक हो सकेंगे।

**पार्थ जायसवाल**
कलेक्टर छतरपुर

---

## पुरानी रंजिश में मां-बेटी पर हसिये से जानलेवा हमला, छत से नीचे फेंका

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम कैड़ी में बीती रात रंजिश के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ सो रही एक महिला और उसकी नाबालिग पुत्री पर परिवार के ही एक युवक ने हसिये से जानलेवा हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी ने किशोरी को छत से नीचे फेंक दिया। दोनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



#### सोते समय किया हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कैड़ी निवासी गीता कुशवाहा (40) पति दशरथ कुशवाहा और उनकी पुत्री बेबी कुशवाहा (15) बीती रात करीब 12 बजे अपने घर की छत पर सो रही थीं। तभी परिवार के ही पुष्पेन्द्र कुशवाहा ने छत पर पहुँचकर सो रही मां-बेटी पर हसिये से हमला कर दिया। हमले में गीता कुशवाहा के गले में गंभीर चोट आई है।

#### बेटी को छत से नीचे फेंका

आरोपी यहीं नहीं रुका, उसने किशोरी बेबी कुशवाहा पर भी हसिये से प्रहार किया और उसे एक मंजिला छत से नीचे धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर लहूलुहान हो गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन जागे, तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

## नगर में बड़ी धूम धाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

नौगांव।

नगर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सोमवार को बड़े सुबह से ही मंदिर परिसरों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी। नगर के ब्राह्मण समाज भवन में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के जलाभिषेक से की गई इसके बाद विधि-विधान से पूजा-पाठ और भगवान की आरती की गई। जहां समस्त ब्राह्मण समाज के लोग आरती के साथ हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। परशुराम भगवान के भव्य कार्यक्रम में अभिषेक, आरती, हवन पूजन के बाद सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



हवन-पूजन के आयोजन में समस्त ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होते रहे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हवन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शाम के समय सुंदरकांड पाठ का आयोजन में बड़ी संख्या समाजजन मौजूद रहे, भक्ति रस में डूबकर भगवान का गुणगान किया। पूरे दिन चले इस धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार का आयोजन आगे भी जारी रखने की बात कही। ब्राह्मण समाज के अलावा कायस्थ समाज ने भी स्वागत किया।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत : जिलाध्यक्ष की घोषणा जल्द, कार्यकर्ताओं ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

**छतरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर अपने संगठनात्मक प्रवास के दौरान छतरपुर पहुंचे। इस दौरान शहर में उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और पूरे शहर को होर्डिंग्स, फ्लैक्स तथा पोस्टरों से पाट दिया गया।



#### जिलाध्यक्ष की दौड़: कार्यकर्ताओं का शक्ति प्रदर्शन

जिले में जल्द ही भाजयुमो जिलाध्यक्ष की घोषणा होनी है, जिसे देखते हुए संभावित दावेदारों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत के बहाने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। जगह-जगह मंच बनाकर पुष्पवर्षा की गई और आतिशबाजी के साथ प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। इस भव्य स्वागत के जरिए कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रियता और संगठन में अपनी पकड़ दिखाने की कोशिश की।

मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला संगठनात्मक प्रवास है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सेवा ही संगठन के भाव के साथ काम करती है। हमारे लिए राजनीति से पहले सेवा सर्वोपरि है। युवा मोर्चा की यही ऊर्जा और शक्ति चुनावों में भाजपा की जीत का आधार बनती है।

जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के सवाल पर श्याम टेलर ने स्पष्ट किया कि संगठन की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजयुमो सदैव संगठन की रीति-नीति पर चलने वाले, सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को ही प्राथमिकता देता है। सही और योग्य कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ताकि पार्टी को और मजबूती मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतिम संस्कार में जा रहे परिवार का ऑटो पलटा, एक महिला की मौत, 5 घायल गंभीर

**छतरपुर।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे एक परिवार का ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



जानकारी के अनुसार, दमोह जिले के बगरा से एक ही परिवार के करीब 7-8 लोग ऑटो में सवार होकर नंदगांय एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही ऑटो किशनगढ़ के समीप पहुँचा, चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ऑटो सड़क पर पलट गया।

हादसे में लछियाबाई अहिरवार नामक महिला की जान चली गई। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को संभाला गया। वहीं घायलों में धनीराम अहिरवार, सुनीता अहिरवार, गुड्डी अहिरवार, रमलू अहिरवार, बिनिया अहिरवार शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी गंभीर घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया है। वहीं, जिन लोगों को मामूली चोटें आई थीं, उनका प्राथमिक उपचार किशनगढ़ के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ही किया गया।

## दो ट्रकों की भीषण भिड़ंत, केबिन में फंसे चालक को पुलिस और ग्रामीणों ने रेस्क्यू किया

**छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरेला टोल प्लाजा के पास बीती देर रात दो ट्रकों के बीच जोरदार आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद ट्रक के केबिन में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला।**



जानकारी के अनुसार बरेली निवासी मुमत्याज अहमद (23 वर्ष) पिता जलील अहमद, अपने ट्रक में माल लादकर चेन्नई जा रहा था। जैसे ही वह गरेला टोल के आगे पहुँचा, सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरा घायल चालक सागर जिले के शाहगढ़ का निवासी बताया जा रहा है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुमत्याज अहमद ट्रक के क्षतिग्रस्त हिस्से में बुरी तरह फंस गया था। सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुँचे। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और डायल 112 की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जिला अस्पताल में उपचाराधीन घायल मुमत्याज अहमद ने बताया कि वह चेन्नई जा रहा था तभी अचानक सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हालांकि घायल ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी इलाज के लिए घंटों तक कोई उचित सुनवाई या ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मौके पर तत्काल निराकरण से आवेदकों के चेहरे पर आई मुस्कान

### आवेदन प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर ही बना संबल कार्ड

**छतरपुर।** जिला प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कई आवेदकों के त्वरित निराकरण हुए। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही उनके आवेदनों का निराकरण कर लाभांवित किया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में 130 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें कई आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही जिले के सभी तहसील स्तर से वीसी के माध्यम से जुड़े राजस्व अधिकारियों को भी उनसे संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए।



मुख्यमंत्री जन कल्याण संबंल 2.0 अंतर्गत अनुग्रह सहायता योजना में जनपद छतरपुर के ग्राम पंचायत ललौनी निवासी श्रमिक रामबाबू अहिरवार की दुःखद मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नि संगीता अहिरवार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि का भुगतान किया गया। जिसका पत्र कलेक्टर द्वारा उन्हें सौंपा गया।

जनसुनवाई में पहुंची बबली पाल पत्नि स्व. श्रीपत पाल निवासी देवपुर जनपद नौगांव जिनके पति की मृत्यु हो गई थी परंतु संबल योजना में पंजीयन नही होने के कारण वह कई दिनों से परेशान थी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन का परीक्षण करते हुए कलेक्टर के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ ने आवेदन प्राप्त होने के मात्र 1 घंटे की अवधि में ही संबल अंतर्गत पंजीयन कराते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। इसके अलावा संबंधित को अनुग्रह सहायता राशि देने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में एक ऐसा मामला सामने आया जो जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। एक मां सविता रैकवार पत्नि आनंद रैकवार निवासी बमनौराकला तहसील घुवारा अपने छोटे से बच्चे के साथ अपनी पति की मथुरा उ.प्र. में सर्प के काटने से हुई दुःखद मृत्यु के लिए सहायता राशि के लिए पहुंची थी। परंतु घटना उ.प्र. में घटित होने के कारण महिला को संबल योजना या आर्थिक सहायता से जुड़ा अन्य योजना का लाभ नही मिल पा रहा था। कलेक्टर ने मामले की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए महिला को आर्थिक सहायता के रूप में रेडक्रास सोसायटी से 5 हजार रूपए का चेक सौंपा।

इसके अलावा जिला पंचायत सीईओ ने बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के पास जाकर उनकी समस्याओं को अलग से सुना। जिसमें दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने सहित जमीन से कब्जा हटाने, शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। जिन पर सुनवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह जनसुनवाई आम नागरिकों के लिए राहत और भरोसे का माध्यम बनी, जहां समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

## चौड़ाखेरा धाम में 40 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बढ़ाई शोभा



छतरपुर।

जिले के राजनगर क्षेत्र स्थित चौड़ाखेरा धाम में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 40 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। सांस्कृतिक मंच पर राधा-कृष्ण की लीलाएं और शिव-पार्वती की नृत्य प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रवादी और राजनीतिक विचारों का संगम देखने को मिला, जहां मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल ने संगठन विस्तार और जनप्रतिनिधित्व पर अपने विचार रखे। वहीं डॉ. घासीराम पटेल ने शिक्षा और व्यवसाय के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। युवाओं को संबोधित करते हुए इंजीनियर ओमप्रकाश ने समाज के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए राष्ट्र और समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जबकि सांस्कृतिक मंच का संचालन महिला मोर्चा युवा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट ड्राइव 24 अप्रैल को

**रीवा** । शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रीवा में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि आगामी 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से हीरो मोटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आईटीआई के समस्त इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेड के उत्तीर्ण महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। ड्राइव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को 24933 रुपए प्रतिमाह का मानदेय व नियमानुसार अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी । इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ नियत समय पर इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि 21 अप्रैल को भी संस्थान में महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कंपनी एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, पनवेल द्वारा अप्रेंटिसशिप के पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस ड्राइव में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों में से 42 योग्य उम्मीदवारों का चयन कंपनी द्वारा किया गया है।

### थाना बिछिया के 23 जप्तशुदा वाहनों की होगी नीलामी

**रीवा** । थाना बिछिया में रखे गए 23 जप्तशुदा और लावारिस मिले वाहनों की नीलामी की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने बताया कि नीलामी की कार्यवाही पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत की जा रही है। वाहनों की नीलामी के लिए तहसीलदार हुजूर तेजपति सिंह को अधिकृत किया जाता है। नीलामी की प्रक्रिया के दौरान विधिवत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वाहनों की नीलामी के बाद प्राप्त राशि शासकीय कोष में जमा की जाएगी। नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने से पहले यदि कोई व्यक्ति वाहन मालिक के रूप में वाहन के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत करता है तो वाहन को नीलामी की सूची से पृथक करके वैध वाहन मालिक को दे दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीवा प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। राजनिवास सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री जी ने आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रीवा प्रवास के उपरांत मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से तमिलनाडु के कोयमबटूर के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विदाई दी।

### सिंगरौली में मत्स्य पालन को मिलेगा नया आयाम,

**सिंगरौली** । नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने स्थानीय मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सीएसआर पहल के तहत सिंगरौली में आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन (हैचरी) इकाई स्थापित करने हेतु जिला प्रशासन के साथ मंगलवार को एक एमओयू किया।
सिंगरौली जिला कलेक्टर गौरव बैनल की उपस्थिति में हुए इस समझौता ज्ञापन पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) राजीव रंजन तथा जिला प्रशासन की ओर से जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री
संकट मोचन तिवारी ने हस्ताक्षर किए। लगभग 67.57 लाख की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाली इस इकाई को एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत हैचरी के बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, जिसमें तालाब, स्पॉनिंग एवं हैचिंग इकाइयाँ, जल प्रबंधन प्रणाली तथा आवश्यक उपकरण शामिल होंगे।

## पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

**शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक पहुंचेगा दिव्य रथएक वर्ष तक चलेगा जन जागरण अभियान**





**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्राम्हकुमारी संस्थान रीवा द्वारा संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं सद्भावना रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले दिव्य रथ के माध्यम से एकता, प्रेम, सद्भावना व नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने दिव्य रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पावन और आध्यात्मिक कार्य प्रदेश में विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि ब्राम्हकुमारी संस्थान की भोपाल जोन की डायरेक्टर बीके निर्मला के निर्देशन में जन जागरण अभियान के तहत ज्योतिर्लिंग रथ जिले में महाशिवरात्रि 2027 तक भ्रमण करेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित ब्राम्हकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग के बालक व बालिका छात्रावास आदर्श छात्रावास बनेंगे - राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने छात्रावासों का किया निरीक्षण



**रीवा** । पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमंतू और अर्धधुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने रीवा जिले के प्रवास के दौरान शासकीय पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालक व बालिका छात्रावासों को आदर्श छात्रावास बनाया जायेगा। उन्होंने बालक छात्रावास की जर्जर स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे छात्रों को तत्काल किराये के कमरों में शिफ्ट करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

मंत्री श्रीमती गौर ने बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि जर्जर छात्रावास भवन के स्थान पर सुविधायुक्त अच्छा छात्रावास भवन बनाया जायेगा। बालिका छात्रावास में श्रीमती गौर ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े तथा अपने व अपने परिजनों के सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के बेटी पढ़ाओं बेटी बढ़ाओं के संकल्प को पूरा करने का प्रयास प्रत्येक स्तर पर जारी है। पिछड़ावर्ग व अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को शासन स्तर से उच्च शिक्षा के लिये अनेक सहायता व योजना संचालित की जा रही है जिनके माध्यम से वह देश के बड़े संस्थानों व विदेश में भी अध्ययन कर रहे हैं। श्रीमती गौर ने कहा कि देश व समाज को बदलने में बेटियों को आगे आना होगा और हमारी बेटियों किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 30 छात्रावासों को प्रारंभिक तौर पर आदर्श छात्रावास बनाया जा रहा है। जहां सर्वसुविधायुक्त छात्रावास भवन के साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क मेस के माध्यम से भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। रीवा के दोनों छात्रावासों को भी आगामी प्रोजेक्ट में शामिल किया जायेगा और आदर्श छात्रावास बनेंगे।

उन्होंने बालिका छात्रावास के किचेन के आगामी दो दिनों में सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा कि बेहतर किचेन की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। श्रीमती गौर ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा छात्रावास की खिड़कियों में जाली लगवाने, बाउंड्रीबाल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा शौचालयों में सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये। संवाद के दौरान छात्राओं के अपने अनुभव बताये तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर मंत्री ने छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग श्रीमती सुमन द्विवेदी सहित छात्रावास अधीक्षक तथा विभागीय अधिकारी व संबंधितजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व मंत्री श्रीमती गौर स्थानीय जनों से भेंट की तथा पिछड़ावर्ग के लिये छात्रावास भवन निर्माण व अन्य आवश्यकताओं की ओर मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया।

## जनसुनवाई में सुनी गईं आमजनों की समस्याएं



**रीवा** । कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति में सुधार, अवैध अतिक्रमण को हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किश्तों के भुगतान और गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक और डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन ने 80 व्यक्तियों के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में ग्राम गुढ़वा तहसील गुढ़ निवासी रक्षारानी पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग में अधिग्रहित भूमि के बदले खसरे में रकवा सुधार न होने के संबंध में आवेदन दिया, जिसमें तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम करहिया तहसील त्योंथर निवासी नीरज गुप्ता ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की आराजी पर न्यायालय के स्टे के बावजूद विपक्षी द्वारा जबरन फसल काट ली गयी है। ग्राम माड़ौ तहसील सिरमौर के रविदत्त सिंह ने फर्जी शपथ-पत्र के जरिए फसल पंजीयन कराने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुँचाने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। प्रकरण में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम रौसर के आदित्य मिश्रा ने आवेदन दिया कि उनकी निजी भूमि पर सड़क निर्माण के दौरान बिना अनुमति के विद्युत पोल गाड़ दिए गए और अब उसे हटाने के लिए विभाग द्वारा अवैध रूप से शुल्क की मांग की जा रही है। जनसुनवाई में श्री सद्गुरु साईनाथ नर्सिंग कॉलेज की छात्रा आँचल शुक्ला और अन्य छात्राओं ने आवेदन दिया कि वर्ष 2019-2024 में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया गया था इसके बावजूद कॉलेज प्रबंधन द्वारा नर्सिंग काउंसिल भोपाल में उनका रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अधर में है। ग्राम बरहुला तहसील जवा के कुंजीलाल वर्मा और लीलावती वर्मा ने वर्ष 2017 में एक सड़क दुर्घटना में अपने पुत्र विजय की मृत्यु होने पर लंबे समय से लंबित आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों की ओर यथाशीघ्र निराकरण करने के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात





**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीवा प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। राजनिवास सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री जी ने आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रीवा प्रवास के उपरांत मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से तमिलनाडु के कोयमबटूर के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विदाई दी

## नीट परीक्षा 3 मई को परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश




**रीवा** । आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में नीट की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।
कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा केन्द्र में पीने के पानी, कमरों में पंखों तथा जनरेटर सेट की अनिवार्यतः उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र के बाहर अभिभावकों के लिये उचित व सुविधाजनक स्थान में छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाय। श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा से पूर्व 27 अप्रैल तक प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिये आबजर्बर नियुक्त कर दिये जायेंगे। परीक्षा केन्द्र की वीडियोग्राफी होगी तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जायेगी। उन्होंने प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन को निर्देशित किया कि सभी तैयारियों का जायजा लेने के लिये केन्द्रों का भ्रमण अवश्य कर लें। उल्लेखनीय है कि 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक 12 परीक्षा केन्द्रों में नीट परीक्षा आयोजित होगी। दिव्यांगजनों के लिये एवं घण्टा अतिरिक्त समय नियत किया गया है। बैठक में केन्द्राध्यक्षों ने परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन सहित केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ चुनाव 2026 में घमासान, नियमों के उल्लंघन के आरोप, अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह ने खोला मोर्चा, निर्वाचन प्रक्रिया पर उठाए सवाल, पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग

**रीवा।** रीवा अधिवक्ता संघ के वर्ष 2026 के चुनावों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हुए अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह एवं अधिवक्ता कौशलेन्द्र सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर निर्वाचन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह ने कहा कि संघ के चुनावों में निर्धारित 'मॉडल बाय-लॉज' (नियमावली) का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया मनमाने ढंग से संचालित की जा रही है, जिससे चुनाव की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिहन लग गया है। अधिवक्ताओं का यह भी आरोप है कि अधिवक्ता संघ रीवा द्वारा जारी की जा रही मतदाता सूची स्वतंत्र रूप से तैयार नहीं की गई है, बल्कि स्टेट बार काउंसिल द्वारा जारी सूची पर संघ की सील लगाकर उसे ही आधिकारिक मतदाता सूची के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसे उन्होंने नियमों के विपरीत और प्रक्रियात्मक अनियमितता बताया। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता कौशलेन्द्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन अधिकारियों द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम में उन मूलभूत प्रावधानों की अनदेखी की गई है, जो एक निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनियमितताएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह एवं उनके साथियों ने मांग की है कि अधिवक्ता संघ के चुनावों को पूर्णतः पारदर्शी बनाया जाए और सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलना चाहिए। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने यह भी मांग रखी है कि यदि वर्तमान चुनाव प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो नामांकन प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही चुनाव कार्यक्रम की तिथियों को आगे बढ़ाकर नए सिरे से आवेदन आमंत्रित किए जाएं, ताकि सभी योग्य उम्मीदवारों को भागीदारी का अवसर मिल सके।

## उपचार के दौरान हुई घायल बाघ शावक की मौत




**रीवा ।**

महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर में 21 अप्रैल को घायल बाघ शावक की उपचार के दौरान दुखद मौत हो गई। इस संबंध में वन मण्डलाधिकारी मैहर विद्याभूषण मिश्रा ने बताया कि घायल बाघ शावक की आयु लगभग 6 माह थी। उसे 19 अप्रैल को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला रेंज में भद्रशिला बीट से रेस्क्यू किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे टाइगर सफारी लाया गया। घायल बाघ शावक के दो पैर गंभीर रूप से चोंटग्रस्त थे। उसके पीठ और पेट में भी कैनाइन दांतों से वार के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि अत्यधिक घाव तथा अधिक खून बहने से उसकी मौत हुई। टाइगर सफारी के पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम किया गया। निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार मृत बाघ शावक का शवदाह किया गया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार राय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खटखरी में अतिक्रमण से यातायात हो रहा बाधित, प्रशासन पर उठ रहे सवाल



**मऊगंज**

जिले के नेशनल हाइवे 135 के खटखरी मुख्य मार्ग में भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे सैकड़ों यात्री घंटों तक परेशान होते रहे। खटखरी-शाहपुर रोड और हनुमाना-रीवा मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप्प हो रहता है स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि हाईवे 135 पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है विगत माह कलेक्टर संजय कुमार जैन एंव पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के साथ प्रशासनिक टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया था और कलेक्टर ने सर्विस रोड से अतिक्रमण तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया था जिससे यातायात बाधित न हो और कोई दुर्घटना न हो किन्तु एक माह गुजरने के पश्चात भी सम्बंधित विभाग ने कोई कार्रवाई नही की हैस्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क चौड़ी होने के बावजूद जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सर्विस लाइन पर व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण मुख्य मार्ग पर दबाव बढ़ गया है और आए दिन जाम की स्थिति बन रही है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह दस बजे रात आठ बजे तक यातायात बाधित रहता है खटखरी बाजार मुख्य मार्ग मे 500 मीटर है किन्तु एक वाहन को गुजरने मे 15 से 20 मिनट का समय लगता है बसें, कारें और अन्य वाहन सड़क पर फंसे रहते है जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने यह भी आशंका जताई कि यदि इस दौरान कोई आपात स्थिति—जैसे बीमार व्यक्ति या एम्बुलेंस—आ जाती, तो जान का खतरा भी हो सकता था।सूत्रों के मुताबिक, इस समस्या की जानकारी भी मौखिक रूप से मऊगंज कलेक्टर को दी जा रही है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक सर्विस लाइन को अतिक्रमण से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक जाम की समस्या बनी रहेगी।इस घटना के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**मऊगंज** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल जिला मऊगंज के कार्यकर्ताओं द्वारा नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) में सामने आए कथित मामले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन किया और इस तरह की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज की महिलाओं एवं युवतियों से सतर्क रहने की अपील भी की।इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग जिला अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, जिला मंत्री एड. रज्जन पटेल, सह मंत्री एड. शिवादित्य सिन्हा, जिला संयोजक यशोवर्धन सिंह, सह संयोजक ऋषभ श्रीवास्तव, सत्संग प्रमुख राजेंद्र गुप्ता, गौरक्षा प्रमुख अनूप जी, मऊगंज संयोजक राजा सिंह पटेल, किशन केवट, शिवम विश्वकर्मा, अभिषेक पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।